दिन– शुक्रवार दिनांक– 16 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए चुनाव आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी चार दिवसीय बिहार दौरे पर। आज पटना में अधिकारियों के साथ करेंगे उच्चस्तरीय बैठक।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, दरभंगा और पूर्णियां में महिलाओं के लिए पिंक बस सेवा की शुरूआत करेंगे।

03. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर दरभंगा में बिना अनुमति के कार्यक्रम करने के आरोप में दो अलग–अलग मामलों में प्राथमिकी दर्ज।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। मौसम विभाग ने आज पटना, गया, पूर्वी चम्पारण, सारण और गोपालगंज समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी हिस्सों में गर्म दिवस की चेतावनी जारी की।

———————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए चुनाव आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी चार दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। वे आज पटना में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस नोडल पदाधिकारी, आईजी, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद वे क्षेत्र स्तर पर चुनाव संबंधी तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान वे मोतिहारी और बेतिया जायेंगे। अपने दौरे के क्रम में चुनाव आयुक्त ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच का निरीक्षण करेंगे तथा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, ईआरओ और बीएलओ के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

———————————————————

राज्य में पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के दो हजार छह सौ पैंतीस रिक्त पदों के लिए होने वाले उप चुनाव को लेकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सदस्य के आठ सौ चालीस पद, मुखिया के तिरेसठ, पंचायत समिति सदस्य के बहत्तर और जिला परिषद सदस्य के आठ सीट के लिए चुनाव होना है। इसके अलावा ग्राम कचहरी पंच के एक हजार पांच सौ उनहत्तर और सरपंच के तिरासी पदों के लिए उप चुनाव होगा।

———————————————————

प्रदेश में महिलाओं को समर्पित पिंक बस सेवा की आज से शुरूआत होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना स्थित एक अणे मार्ग से इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने बताया कि पहले चरण में बीस बसों का परिचालन शुरू होगा। इनमें से आठ बस का परिचालन पटना में, चार का मुजफ्फरपुर में और दो–दो बसों का परिचालन भागलपुर, गया, दरभंगा और पूर्णियां में नगर बस सेवा के तहत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में अस्सी पिंक बसों का परिचालन करने की योजना है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री एक सौ छियासठ डीलक्स बसों के परिचालन की भी शुरूआत करेंगे।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कई समाचार चैनल और सोशल मीडिया पोस्ट की उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया था कि विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर ने कहा था कि चीनी उपग्रहों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की सहायता की है। पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की फैक्ट चैक इकाई ने स्पष्ट किया कि विदेश मंत्री को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है और उन्होंने यह बयान नहीं दिया है। पीआईबी ने कहा है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ को संबोधित एक फर्जी पत्र भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पत्र पाकिस्तानियों द्वारा गलत सूचना फैलाने के उद्देश्य से झूठे प्रचार अभियान के अंतर्गत फैलाया जा रहा है। पीआईबी ने लोगों से सतर्क रहने और भ्रामक सूचनाओं के झांसे में नहीं आने का आग्रह किया है।

———————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, देश के जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान के रूप में आकाशवाणी समाचार ने विशेष श्रृंखला शुरु की है। आज हम परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज कुमार पांडे का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने करगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान किया था।

———कट———

———————————————————————

भारत–पाकिस्तान सीमा पर हालात सामान्य होने के बाद राज्य सरकार ने सरकारी कर्मियों के अवकाश रद्द करने के अपने आदेश को वापस ले लिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है कि अब सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को सामान्य दिनों की तरह अवकाश की सुविधा मिलेगी।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर दरभंगा में दो अलग–अलग मामलों में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। श्री गांधी पर अपने दरभंगा दौरे के क्रम में बिना अनुमति के आम्बेडकर छात्रावास में शिक्षा संवाद कार्यक्रम करने का आरोप है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि राहुल गांधी के अलावा मदन मोहन झा समेत एक सौ बीस लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी है।

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। वातावरण में नमी का मात्रा बढ़ जाने से लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आज बांका और शेखपुरा जिले में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना, गया, औरंगाबाद, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सारण और गोपालगंज समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी हिस्सों में गर्म दिवस की चेतावनी जारी की गयी है। विभाग के अनुसार राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है।

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षकों को समय पर वेतन जारी करने का निर्देश जारी किया है। विभाग के विशेष सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि सभी कोटि के शिक्षकों के वेतन भुगतान के बाद ही जिला स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मियों का वेतन भुगतान किया जाएगा।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी आज से जिलों में विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। श्री सरावगी इसकी शुरूआत दरभंगा से करेंगे। इसके बाद उन्नीस मई को मुंगेर और बाईस मई को समस्तीपुर जिले में समीक्षा बैठक आयोजित होगी। इस दौरान भूमि सर्वे, दाखिल–खारिज की स्थिति, विभिन्न योजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण समेत अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की जायेगी।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

गंगा नदी के तटबंध पर बक्सर से कोईलवर के बीच इक्यावन किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण करवाया जायेगा। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि आरा–शाहपुर और बिहिया और डुमरांव तथा बक्सर के बीच आवागमन आसान

होगा। साथ ही इस सड़क के बन जाने से बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हिस्सों तक पहुंचने में सुविधा होगी।

---

उच्चतम न्यायालय ने पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला को तत्कालीन मंत्री बृजबिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में मिली उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा है। न्यायालय ने इस संबंध में मुन्ना शुक्ला और एक अन्य आरोपी मंटू तिवारी की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने पटना के रूपसपुर थाने में पदस्थापित दारोगा ब्रजेश कुमार को बाईस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दारोगा एक शिकायतकर्ता से जब्त वाहन छोड़ने के लिए घूस ले रहा था।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के गरपा थाना क्षेत्र के नरकटिया पंचायत के वार्ड नम्बर बारह स्थित एक झोपडी में आग लग जाने से तीन बच्चियों की मौत हो गयी। तीनों सगी बहनें थी। पुलिस ने बताया कि खाना बनाने के दौरान अगलगी की घटना हुई।

---

एसटीएफ की टीम ने जहानाबाद जेल ब्रेक कांड के एक आरोपी कुख्यात नक्सली पंकज महतो को उसके एक सहयोगी के साथ अरवल जिले के परासी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। इधर, पश्चिम चम्पारण जिले के लौकरिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने फरार नक्सली मीनाक्षी को गिरफ्तार किया है।

---

बोध गया के स्लीपिंग बुद्धा टेम्पल से पुलिस ने एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। वहीं, किशनगंज में एसएसबी की टीम ने नेपाल की सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है।

---

लखीसराय जिले के पीरी बाजार थाना क्षेत्र के बेनीपुर गांव में तालाब में डूबने से दादी–पोता की मौत हो गयी।

---

समस्तीपुर जिले दलसिंहसराय थाना में पदस्थापित दारोगा रामयश राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित दारोगा पर एक व्यक्ति से रिश्वत मांगने का आरोप है।

---

मधुबनी जिले के जयनगर स्थित एक बर्तन के दुकान पर अपराधियों ने फायरिंग कर लूटपाट की। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के समापन को अपनी सुर्खी बनाते हुये लिखा है– सात स्वर्ण समेत छत्तीस पदक जीत पन्द्रहवें स्थान पर रहा बिहार।

दैनिक जागरण ने लिखा है –राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुप्रीम कोर्ट को रेफरेंस भेज कर चौदह सवालों पर मांगी राय, क्या कोर्ट विधेयकों पर मंजूरी के लिए तय कर सकता है समय सीमा।

प्रभात खबर लिखता है– राज्य में पहली बार महिलाओं के लिए पिंक बस सेवा आज से। सीएम दिखाएंगे हरी झंडी।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– पानी मांग रहे पाक को भारत की दो टूक– आतंक रोको तब बात।

राष्ट्रीय सहारा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है– पाक के परमाणु हथियार हों आई ए ई ए की निगरानी में।

आज अखबार की सुर्खी है– राहुल गांधी समेत एक सौ बीस पर मुकदमा।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए चुनाव आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी चार दिवसीय बिहार दौरे पर। आज पटना में अधिकारियों के साथ करेंगे उच्चस्तरीय बैठक।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया, दरभंगा और पूर्णियां में महिलाओं के लिए पिंक बस सेवा की शुरूआत करेंगे।

03. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर दरभंगा में बिना अनुमति के कार्यक्रम करने के आरोप में दो अलग–अलग मामलों में प्राथमिकी दर्ज।

04. और, पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में। मौसम विभाग ने आज पटना, गया, पूर्वी चम्पारण, सारण और गोपालगंज समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी हिस्सों में गर्म दिवस की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।